भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 240**
04 फरवरी, 2025 को उत्तरार्थ

**विषयः कपास उत्पादन**

**240. श्री अरविंद गणपत सावंतः**
**श्री संजय हरिभाऊ जाधवः**
**श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकरः**
**श्री नारायण तातू राणेः**
**श्री संजय उत्तमराव देशमुखः**
**श्री बलवंत बसवंत वानखडेः**

क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में कपास उत्पादन में अग्रणी राज्य कौन सा है तथा पिछले तीन वर्षों के दौरान विभिन्न राज्यों द्वारा इसका कुल उत्पादन महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों सहित राज्य-वार कितना है;

(ख) क्या यह सच है कि वर्ष 2023 में कॉटन कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) के पास ग्यारह लाख कपास के गोले थे और यदि हां, तो इसकी वर्तमान स्थिति क्या है तथा इसका निर्यात न करने के क्या कारण हैं;

(ग) क्या देश में खपत के पश्चात् कपास के निर्यात के लिए कोई निर्णय लिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने पिछले तीन वर्षों तथा वर्तमान वर्ष के दौरान विभिन्न देशों से, विशेष रूप से ऑस्ट्रेलिया तथा ब्राजील से, कपास का आयात किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं;

(ङ) क्या कपास की कीमत नियंत्रित करने के लिए स्थानीय व्यापारियों द्वारा कपास का आयात किया जा रहा है तथा किसानों के लिए कपास की कीमत कितनी है;

(च) क्या देश के कपास उत्पादक किसानों के लिए कोई प्रोत्साहन योजना बनाई गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार द्वारा उन्हें कपास का उचित मूल्य प्रदान करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(छ) क्या अमरावती और यवतमाल जिलों के कपास उत्पादक किसानों को कपास की दर में अंतर के सापेक्ष मुआवजा देने के लिए कोई विशेष प्रावधान है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

**(क) से (ङ)**: विगत तीन वर्षों के दौरान देश में कपास का राज्य-वार उत्पादन और महाराष्ट्र राज्य में कपास का जिला-वार उत्पादन का विवरण अनुबंध-I और II में दिया गया है। इसके अलावा, वर्ष 2023-24 के दौरान, भारतीय कपास निगम (सीसीआई) द्वारा एमएसपी संचालन के तहत 32.84 लाख गांठ कपास की खरीद की गई थी। 27 जनवरी 2025 तक इन 32.84 लाख गांठों में से, 31.80 लाख गांठों की बिक्री की जा चुकी है। घरेलू बिक्री से बेहतर मूल्य प्राप्ति और निर्यात में मूल्य समता न होने के कारण, निर्यात बाजार में कोई खरीद (ऑफटेक) नहीं हुई है। वर्तमान में, भारत से कपास के निर्यात पर कोई प्रतिबंध नहीं है और भारत सरकार कपास का आयात नहीं करती है। तथापि, स्थानीय व्यापारी स्वतंत्र रूप से कपास का आयात करते हैं और ऐसे आयात तथा मूल्य नियंत्रण हेतु भारत सरकार द्वारा कोई आदेश नहीं दिया गया है।

**(च) और (छ):** कपास के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) किसानों के लिए सुरक्षा कवच प्रदान करता है क्योंकि उन्हें अपनी उपज के लिए कम से कम न्यूनतम समर्थन मूल्य की प्राप्ति सुनिश्चित होती है। कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) द्वारा प्रत्येक वर्ष उत्पादन लागत के 1.5 गुना (ए2+एफएल) के फार्मूले के आधार पर एमएसपी की सिफारिश की जाती है ताकि किसानों को उचित पारिश्रमिक अर्थात उत्पादन लागत पर कम से कम 50% अधिक पारिश्रमिक सुनिश्चित किया जा सके। विगत तीन वर्षों के दौरान कपास के लिए प्रदान किए गए न्यूनतम समर्थन मूल्य का विवरण निम्नानुसार है:

रुपये प्रति क्विंटल

| कपास | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|
| मध्यम रेशा | 5726 | 6080 | 6620 |
| लंबा रेशा | 6025 | 6380 | 7020 |

उपर्युक्त आंकड़े दर्शाते हैं कि विगत कुछ वर्षों में एमएसपी में लगातार वृद्धि हो रही है।

इसके अतिरिक्त, कपास किसानों को एमएसपी योजना का लाभ प्रदान करने और उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए, सीसीआई ने 12 कपास उत्पादक राज्यों के 152 जिलों में 507 खरीद केंद्र खोले हैं, जिनमें महाराष्ट्र राज्य के अमरावती जिले में 9 खरीद केंद्र और यवतमाल जिले में 15 खरीद केंद्र शामिल हैं।

**अनुबंध-I**

**दिनांक 04.02.2025 को उत्तर के लिए देय लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 240 के भाग (क) के उत्तर के संदर्भ में उल्लिखित अनुबंध।**

**वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक कपास का राज्य-वार उत्पादन**

| **राज्य** | **उत्पादन हजार गांठों में (170 किलोग्राम प्रत्येक)** | | |
|---|---|---|---|
| | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** |
| गुजरात | 7509.34 | 8795.33 | 9056.99 |
| महाराष्ट्र | 8249.24 | 8315.67 | 8045.49 |
| तेलंगाना | 4878.06 | 5744.62 | 5079.71 |
| राजस्थान | 2480.99 | 2774.47 | 2621.66 |
| कर्नाटक | 1954.60 | 2567.88 | 2058.55 |
| मध्य प्रदेश | 1419.76 | 1433.25 | 1801.06 |
| हरियाणा | 1316.06 | 1000.50 | 1508.76 |
| आंध्र प्रदेश | 1707.62 | 1540.52 | 737.26 |
| ओडिशा | 625.91 | 704.92 | 704.92 |
| पंजाब | 645.99 | 443.63 | 628.82 |
| तमिलनाडु | 301.91 | 319.02 | 251.83 |
| अन्य | 28.11 | 20.38 | 26.97 |
| अखिल भारत | 31117.59 | 33660.19 | 32522.02 |

**अनुबंध-II**

**दिनांक 04.02.2025 को उत्तर के लिए देय लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 240 के भाग (क) के उत्तर के संदर्भ में उल्लिखित अनुबंध।**

**महाराष्ट्र राज्य में कपास का जिला-वार उत्पादन**

| जिला | उत्पादन हजार गांठों में (170 किग्रा. प्रत्येक) | | |
|---|---|---|---|
| | 2021 - 2022 | 2022 - 2023 | 2023-24 |
| अहमदनगर | 277.40 | 255.06 | 139.09 |
| अकोला | 305.60 | 362.49 | 330.05 |
| अमरावती | 618.90 | 387.48 | 857.24 |
| औरंगाबाद | 498.70 | 452.63 | 399.82 |
| बीड | 438.90 | 475.71 | 471.99 |
| भंडारा | 1.20 | 1.18 | 1.30 |
| बुलढाना | 547.30 | 542.52 | 469.93 |
| चंद्रपुर | 351.20 | 442.49 | 376.54 |
| धुले | 295.90 | 545.99 | 342.89 |
| गडचिरोली | 17.10 | 16.61 | 35.05 |
| हिंगोली | 78.70 | 78.22 | 61.62 |
| जलगांव | 731.20 | 1,294.92 | 596.33 |
| जलना | 610.80 | 687.79 | 531.51 |
| लातूर | 12.60 | 27.22 | 19.62 |
| नागपुर | 451.80 | 586.81 | 656.18 |
| नांदेड़ | 307.30 | 333.03 | 428.79 |
| नंदुरबार | 172.60 | 212.36 | 150.49 |
| नासिक | 125.30 | 112.44 | 27.21 |
| उस्मानाबाद | 17.90 | 3.03 | 1.11 |
| परभनी | 396.40 | 533.16 | 373.61 |
| पुणे | 0.15 | 1.02 | 1.47 |
| सतारा | 0.24 | 1.09 | 0.21 |
| सोलापुर | 0.40 | 0.67 | 0.47 |
| वर्धा | 752.10 | 625.62 | 728.19 |
| वाशिम | 60.40 | 41.33 | 74.07 |
| यवतमाल | 720.80 | 569.84 | 970.69 |

*****